पत्रिका

UP Crime: चल रही थी नकली नोटों की छपाई, पुलिस ने मारा छापा, तीन शातिर गिरफ्तार

Fake currency printing gang caught in UP: यूपी के अमरोहा के आदमपुर थाना क्षेत्र में नकली नोट छापने वाले गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस ने इस गिरोह से जुड़े तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 50 रूपये के कुल 5000 हजार के नकली नोट, एक प्रिंटिंग मशीन, मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

सब्जी विक्रेता की सतर्कता से खुला मामला

यह पूरा मामला उस वक्त सामने आया जब ढबारसी गांव के साप्ताहिक बाजार में एक सब्जी विक्रेता को 50 रूपये का नकली नोट मिला। विक्रेता को नोट संदिग्ध लगा, जिसके बाद उसने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में बड़ा नेटवर्क उजागर हुआ।

Source: https://www.patrika.com/amroha-news/fake-currency-printing-gang-caught-in-up-19653592